# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :— सत्य नारायण—I (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :— 58 / 2025** **जी.सी.एम.एस. नम्बर :— 2025 / 89**
**दायर दिनांक :— 10.03.2025** **निर्णय दिनांक :— 06.01.2026**

1. मोहनराम पुत्र रेंवतराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी

**—प्रार्थी**

**बनाम**

1. अन्दू पुत्री रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
2. तेजदान पुत्र रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
3. धापू पुत्री सुखदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
4. पुष्पा पुत्री रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
5. मदनदान पुत्र कल्याणदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
6. मुन्नी पुत्री रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
7. मोहनदान पुत्र गोकलदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
8. मोहनसिंह गिल पुत्र गोपालसिंह जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
9. रघुरवीरसिंह पुत्र रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
10. रसालबाई पुत्री रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
11. लक्ष्मणदान पुत्र कल्यांदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
12. सूरजकंवर पुत्री सुखदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
13. सांवलदान पुत्र रामदान जाति चारण निवासी दासोड़ी तहसील कोलायत जिला बीकानेर
14. कानाराम पुत्र दमाराम जाति कुम्हार निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
15. किशनाराम पुत्र दमाराम जाति कुम्हार निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
16. धमाराम दतकपुत्र मोडाराम जाति कुम्हार निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
17. दुर्गाराम पुत्र दमाराम जाति कुम्हार निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
18. आदूराम पुत्र मूलाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
19. अमानी पुत्री मूलाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
20. आदूराम पुत्र मूलाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
21. केशराराम पुत्र मूलाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
22. चुनी पत्नी हनुमानराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
23. नारायणरमा पुत्र सुगनाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
24. भागीरथ पुत्र सुगनाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
25. मांगीलाल पुत्र हनुमानराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
26. मोहनी पुत्री हिम्मताराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
27. रतु पत्नी सुगनाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी

उप खण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

28. रामूराम पुत्र हिम्मताराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
29. लिच्छुराम पुत्र सुगनाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
30. हरीराम पुत्र हनुमानराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
31. ग्राम पंचायत चिमाणा पंचायत समिति घंटियाली तहसील घंटियाली जिला फलोदी
32. जमनादेवी पत्नी रूपा जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
33. पेमाराम पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
34. पांचाराम पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
35. भगवानाराम पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
36. भंवरीदेवी पत्नी पन्नालाल जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
37. मनोहरलाल पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
38. राकेश कुमार पुत्र गोरखाराम जाति जाट निवासी चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी
39. कमलकिशोर पुत्र बाबूलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
40. करनाराम पुत्र भींयाराम जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
41. कैलाश पुत्र बाबूराम जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
42. केशुराम पुत्र भीयाराम उर्फ भीखाराम जाति लखेरा नि. ढाढरवाला तह. घंटियाली जिला फलोदी
43. गोपीलाल पुत्र भंवरलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
44. प्रकाश पुत्र भवंराराम जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
45. पुरखाराम पुत्र भींयाराम उर्फ भीखाराम जाति लखेरा नि. ढाढरवाला तह. घंटियाली जिला फलोदी
46. भवानाराम पुत्र भींयाराम उर्फ भीखाराम जाति लखेरा नि. ढाढरवाला तह. घंटियाली जिला फलोदी
47. मूली पुत्री बाबुलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
48. लक्ष्मीनारायण पुत्र बाबूलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
49. सारदा पुत्री बाबूलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
50. सोनी पत्नी बाबूलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
51. हडमान पुत्र बाबूलाल जाति लखेरा निवासी ढाढरवाला तहसील घंटियाली जिला फलोदी
52. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार घंटियाली तहसील घंटियाली जिला फलोदी

**—अप्रार्थीगण**

<ins>**राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956**</ins>

**उपस्थित** :—1. श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थी
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार घंटियाली

**—:: निर्णय ::—**

प्रार्थी ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थी की खातेदारी अधिकारों की काश्त की भूमि खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर सरहद मौजा चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी (राज.) में स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थी का राजस्व रेकार्ड जमाबंदी अनुसार

उप खण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है और प्रार्थी ने अपनी उक्त भूमि पर अपनी रहवासीय ढाणीयां, पानी के टांके, पशुओ के बाड़े इत्यादि बना रखे है। उक्त रहवासीय ढाणीयों में प्रार्थीगण अपने परिवार सहित बारह ही मास निवास करते आ रहे है तथा प्राकृतिक पैदावार का उपयोग एवं उपभोग लेते आ रहे है। प्रार्थी ने अपनी उक्त खातेदारी की भूमि की भूमि पैमाईश करवाने हेतु श्रीमान तहसीलदार साहब घंटियाली के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया और तहसीलदार साहब (भू.अ.) बाप ने आदेश कमांक 403 दिनांक 20.06.2024 को उक्त भूमि की पैमाईश करने के आदेश पटवारी हल्का को दिये। पटवारी हल्का उक्त आदेश की पालना में दिनांक 01.01.2025 को मौके पर जाकर प्रार्थी एवं अन्य पडौसी खातेदारों की उपस्थिति में उक्त भूमि की पैमाईश मुस्तकिल बिंदु से कर मौका फर्द तैयार कर प्रार्थी एवं उपस्थित मौतबीरान को पढ़ कर सुनाया गया। उक्त पैमाईश फर्द नियमानुसार तहसील कार्यालय में जमा करवा दी। प्रार्थी जब पैमाईश अनुसार अपनी भूमि के चारों ओर खूंटे रोपने लगे तो उक्त भूमि के पड़ौसी खातेदार अप्रार्थीगण सं. 1 ता 51 ने प्रार्थी की हद में खूंटे रोपने से मना कर दिया और उक्त पैमाईश को मानने से इन्कार कर दिया। जिससे प्रार्थी अपनी खातेदारी की उक्त भूमि में बरसात के मौसम में काश्त करते है तब उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थी द्वारा की गई काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है और प्रार्थी को अपुरर्णीय क्षति हो रही है। इसलिए प्रार्थी ग्राम चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर भूमि की दिनांक 01.01.2025 को हुई भूमि पैमाईश अनुसार प्रार्थी अपनी हद में पत्थरगढी करवाना चाहते हैं। जिसका यह प्रार्थना पत्र पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 52 पैरोकार सरकार तहसीलदार घंटियाली ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 52 पैरोकार सरकार ने जवाब में बताया कि ग्राम चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी प्रार्थी की हद में पैमाईश फर्द दिनांक 01.01.2025 के अनुसार प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण को सूचित करते हुवे किया जाना उचित है। अप्रार्थी संख्या 20 की और से अधिवक्ता श्री करणीसिंह राठौड़ ने वकालतनामा पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 19 व 21 ता 51 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा इनके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की गई। अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 20 जवाब पेश नहीं करना चाहते है लिहाजा इनका जवाब बंद किया जाता है। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि सरहद मौजा ग्राम चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थी का कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारों ओर

Satya

उप खण्ड अधिकारी

तारबंदी नहीं होने की वज़ह से प्रार्थी द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि की पैमाईश फर्द दिनांक 01.01.2025 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता उभय पक्ष एवं पैरोकार सरकार की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द, पैरोकार सरकार के जवाब का अवलोकन किया गया। प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थीगण वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए प्रार्थी पैमाईश फर्द दिनांक 01.01.2025 अनुसार पत्थरगढी करवाने के हकदार है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

**आदेश**

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाता है कि सरहद ग्राम चिमाणा पटवार हल्का चिमाणा तहसील घंटियाली जिला फलोदी के खसरा नम्बर 441/297 रकबा 30.4517 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी मौका फर्द दिनांक 01.01.2025 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश तहसीलदार घंटियाली को दिया जाता है। खर्चा पक्षकार अपना-अपना वहन करें। प्रार्थी का उक्त वर्णित आराजीयात पर कब्जा नहीं होने की स्थिति में यह आदेश कब्जा सुपूर्दगी हेतु मान्य नहीं है। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 06.01.2026 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Satya

(सत्य नारायण-I, R.A.S.)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

उप खण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

उप जिला मजिस्ट्रेट एवं उप खण्ड अधिकारी
बाप, जिला फलोदी (राज.)